नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी
स्थापित 2005 ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 15.08.2022

प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज दिनांक 15 अगस्त, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव (स्वतंत्रता के 75 वर्ष) के अवसर पर प्रातः 09:00 बजे उप प्राचार्य द्वारा झण्डा आरोहरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के पश्चात् भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 75 वर्ष पूरे कर चुके 75 ग्रामवासियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत भाषण, कविता पाठ, समूहगीत, एकलगीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक आदि विविध प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत की गयी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र भारती जी ने उद्बोधन देते हुए कहा कि भारत श्रेष्ठ सभ्यता, श्रेष्ठतम संस्कृति, श्रेष्ठतम जीवन मूल्य का देश है। कुछ गद्दारों की वजह से लम्बे समय तक हम विदेशी आधिपत्य में रहने को मजबूर हुए। 2014 ई. के बाद का भारत बदला हुआ भारत है। यह भारत सरदार पटेल, भगत सिंह, चन्द्र शेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस और वीर सावरकर आदि महान विभूतियों के सपनों का भारत है। जब दुनिया कोरोना महामारी से संत्रस्त रही तब भारत अपनी प्रतिभा विज्ञान और तकनीकि के आधार पर न सिर्फ कोरोना का टीका इजात कर लिया है अपितु बड़े पैमाने पर भारत में टीकाकरण भी प्रारम्भ हो चुका है। आज का भारत दुनियां में अन्य जरूरतमंद देशों को भी कोरोना का टीका उपलब्ध करा रहा है। आज का उत्सव हमारे संकल्प के उत्सव के साथ ही साथ **युगपुरूष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजय नाथ जी महाराज, राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज तथा गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज** द्वारा सामाजिक समरसता, छूआ–छूत एवं जाति–पाति को मिटाने के प्रयासों का उत्सव है। देश को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को अपने जीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करना ही होगा। भारत के वीर सपूतों के चरणों में यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। तत्पश्चात् कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि भारत की गरिमा को बनाये रखने का मान भारतीय संस्कृति के रग–रग में है। हम भारतीयों के स्वभाव में है। वर्तमान युग हमारे स्वत्व पहचानने का युग है। हम सब को अनुशासन में रहते हुए अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। आगे सभा को सम्बोधित करते हुए उप प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय परिसर संस्कृति को बचाये रखना, बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम का संयोजन बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री अभिज्ञा चौधरी बी.ए. तृतीय सेमेस्टर एवं श्री सुधीर पान्डेय बी.काम. तृतीय सेमेस्टर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में महाविद्यालय के छात्रावास योगिराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम, जंगल धूसड़, गोरखपुर में प्रातः 08:30 बजे छात्रावास प्रभारी श्री विनय कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी तथा मंझरिया, रेतवहिया, हसनगंज, ककरहिया आदि ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

(डॉ. सुधा शुक्ल)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी